Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◻ अंक- 63 ◻ रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

रायपुर-बिलासपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में शनिवार, रविवार और महावीर जयंती पर भी खुले रहेंगे रजिस्ट्री दफ्तर

शासन के आदेश

रायपुर, 28 मार्च (हाईवे चैनल)। अगर आप भी अपनी जमीन, मकान या दुकान की रजिस्ट्री कराने की सोच रहे हैं और दफ्तरों की छुट्टी को लेकर परेशान थे, तो आपके लिए बड़ी खुशखबरी है। छत्तीसगढ़ शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति से ठीक पहले नागरिकों की सुविधा के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण फैसला लिया है। अब प्रदेश के सभी रजिस्ट्री दफ्तर छुट्टियों के दिनों में भी पूरी ताकत के साथ काम करेंगे। शासन के नए आदेश के मुताबिक, अब प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालय इन खास दिनों में भी सामान्य कार्यदिवसों की तरह खुले रहेंगे। साप्ताहिक अवकाश के बावजूद काम होगा। महावीर जयंती (31 मार्च) सार्वजनिक अवकाश होने के बाद भी दफ्तर खुले रहेंगे। दफ्तर अपने निर्धारित पुराने समय के अनुसार ही संचालित होंगे।

दरअसल, मार्च का महीना वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना होता है। गौरतलब है कि पिछले वर्षों के अनुभव बताते हैं कि साल के अंतिम सप्ताह में रजिस्ट्री कार्यालयों में भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे दस्तावेजों के पंजीयन में काफी देरी हो जाती है। लोगों को लंबी कतारों और सर्वर की दिक्कतों से बचाने के लिए प्रशासन ने इन छुट्टियों को भी वर्किंग डे घोषित कर दिया है। पंजीयन विभाग ने अपील की है कि नागरिक कार्यालय पहुंचने से पहले अपने सभी आवश्यक प्रमाण पत्र और दस्तावेज पहले से तैयार रखें। इससे न केवल आपका समय बचेगा, बल्कि पंजीयन की प्रक्रिया भी बिना किसी बाधा के पूरी हो सकेगी। इन तीन दिनों में कार्यालयों में स्टाफ पूरी क्षमता के साथ मौजूद रहेगा। शासन की इस पहल का उद्देश्य रजिस्ट्री सेवाओं में पारदर्शिता और सुचारू संचालन को बढ़ावा देना है। इस फैसले से उन लोगों को सबसे ज्यादा राहत मिलेगी जो नौकरीपेशा हैं और वर्किंग डेज में समय नहीं निकाल पाते थे। अब वे शनिवार और रविवार को भी अपनी संपत्ति के कानूनी कागजात और पंजीयन का काम आसानी से निपटा सकेंगे। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि इस अवधि में कोई भी सेवा बाधित नहीं होगी।

पश्चिम एशिया संकट के बीच सीएम साय ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

कहा- प्रदेश में नहीं पेट्रोलियम शॉर्टेज की स्थिति

रायपुर, 28 मार्च (हाईवे चैनल)। पश्चिम एशिया में संकट के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के तमाम आला अधिकारियों के साथ पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक की. सीएम साय ने बताया कि अफसरों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं. अफवाहों को रोकना है. प्रदेश में कहीं भी पेट्रोलियम पदार्थों की कहीं शॉर्टेज जैसी स्थिति नहीं है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसके साथ नक्सलवाद को लेकर मीडिया से चर्चा में कहा कि नक्सलमुक्त भारत का संकल्प पूर्ण होने जा रहा है. देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है. लोकसभा में 30 मार्च को चर्चा होगी. गृहमंत्री अमित शाह देश को विस्तृत जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री साय के साथ हुई बैठक में बैठक में मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार सहित आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल के पेट्रोल-डीजल, और गैस डिवीजन के अधिकारी मौजूद रहे।

ब्रेकिंग न्यूज

दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर विमान की आपात लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

नई दिल्ली, 28 मार्च (न्यूज चैनल)। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक फ्लाइट ने आपात लैंडिंग की है। अग्निशमन विभाग के अनुसार, विमान सुरक्षित उतरा है और सभी यात्री भी सुरक्षित हैं। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस का एक विमान आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रहा था। इंजन में तकनीकी खराबी के चलते विमान की दिल्ली हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई गई। इस दौरान रनवे पर फुल इमरजेंसी लागू कर दी गई थी और सभी आपात सेवाओं को तैयार रखा गया था। विमान हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विमान का इंजन फेल हो गया था। आपात लैंडिंग करने वाले विमान में 160 यात्री सवार थे। इंडिगो की विशाखापत्तनम-दिल्ली की उड़ान 6ई 579 को इंजन फेल होने के चलते आपात लैंडिंग करनी पड़ी। यह बोइंग 737 विमान था। फ्लाइट रडार24 डॉट कॉम के अनुसार, विमान ने शनिवार सुबह 10.50 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग की।

नेपाल में सरकार बदलते ही पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली गिरफ्तार, जेन-जी आंदोलन को लेकर लगे आरोप



नई दिल्ली, 28 मार्च (न्यूज चैनल)। नेपाल की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को पिछले साल हुए घातक जेन-जी विरोध प्रदर्शनों में कथित भूमिका के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब नए प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह ने हाल ही में पद की शपथ ली है। सत्ता परिवर्तन के तुरंत बाद हुई इस गिरफ्तारी ने देश की राजनीति में हलचल तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि ओली के साथ उनके पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को भी हिरासत में लिया गया है। काठमांडू वैली पुलिस के अनुसार, दोनों को सुबह गिरफ्तार किया गया और अब आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सरकार ने साफ किया है कि यह कार्रवाई किसी बदले की भावना से नहीं, बल्कि कानून के तहत की जा रही है। वहीं, ओली ने इस गिरफ्तारी को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है और कानूनी लड़ाई लड़ने की बात कही है।

बिरादरी की बात

चूहा- केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी घटा दी फिर भी पेट्रोल के दाम नहीं घटे हैं।
चुहिया- हां जी, एक्साइज ड्यूटी दाम घटाने के लिए नहीं। दाम बढ़ने से रोकने के लिए घटाई गई है।

आईटीबीपी जवानों ने पेश की मानवता की मिसाल गर्भवती महिला को 5 किमी कंधों पर ढोकर बचाई जान

नारायणपुर, 28 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के घने जंगलों से मानवता की मिसाल पेश करने वाली खबर सामने आई है, जहां आईटीबीपी के जवानों और नारायणपुर पुलिस ने मिलकर एक गर्भवती महिला की जान बचाने के लिए कठिन परिस्थितियों में साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया।

यह मामला इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान के अबूझमाड़ क्षेत्र के सुदूर गांव बोटेर का है, जहां एक गर्भवती महिला की हालत अचानक गंभीर हो गई। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और सड़क सुविधा के अभाव के कारण महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाना बेहद चुनौतीपूर्ण था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आईटीबीपी की 29वीं बटालियन और नारायणपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जवानों ने मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए महिला को स्ट्रेचर पर कंधों के सहारे लेकर करीब 5 किलोमीटर तक घने जंगल, पहाड़ी और कच्चे रास्तों को पार किया और सुरक्षित रोड तक निकाला। कड़ी मशक्कत के बाद महिला को समय रहते ओरछा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में सुरक्षित प्रसव कराया गया।

पीएम मोदी ने किया नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन

जेवर एयरपोर्ट विकास का उदाहरण

नई दिल्ली, 28 मार्च (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के फेज-1 का उद्घाटन किया। एयरपोर्ट को लगभग 11,200 करोड़ रुपये के कुल निवेश से बनाया गया है। नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी ने कहा, अभी आधा काम हुआ है। मैंने सिर्फ पर्दा हटाया है, मैं चाहता हूं कि जो भी उपस्थित है, आप सब करें। इसलिए आप अपना मोबाइल फोन निकालिए। अपने मोबाइल फोन का फ्लैश लाइट ऑन करिए। पीएम मोदी की अपील के बाद लोगों ने भी हाथों में मोबाइल लेकर फ्लैश लाइट जलाई। इसके बाद पीएम मोदी ने कहा, अब यहां उपस्थित हर व्यक्ति इस एयरपोर्ट का उद्घाटन कर रहा है। यह आपकी अमानत है, यह आपका पुरुषार्थ है। इसलिए इसका उद्घाटन आपके हाथों से हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा, ये एयरपोर्ट जनता की अमानत है। इसलिए एयरपोर्ट का उद्घाटन आप लोग करेंगे। मौजूद जनता एयरपोर्ट का उद्घाटन करे।

पीएम मोदी ने आगे कहा, हर देश इस संकट का सामना करने के लिए कुछ न कुछ कोशिश कर रहा है। हमारा भारत भी इस संकट का पूरी शक्ति से मुकाबला कर रहा है। देश वासियों की ताकत के भरोसा कर रहा है। भारत तो बहुत बड़ी मात्रा कच्चा तेल और गैस, युद्ध के प्रभावित इलाके से मंगाता है। इसलिए हर वो कदम उठा रही है, जिससे सामान्य परिवारों पर, किसानों पर इस संकट का बोझ न पड़े। संकट के इस समय पर भी भारत ने अपने तेज विकास को निरंतर जारी रखा है। मैं सिर्फ पश्चिमी यूपी की बात करूं तो पिछले कुछ सप्ताह में ही यह चौथा बड़ा प्रोजेक्ट है, जिसका शिलान्यास या लोकार्पण हुआ है। इन कुछ ही सप्ताह में इस दौरान नोएडा में बहुत बड़ी सेमीकंक्टर फैक्टरी का शिलान्यास हुआ। इसी काल खंड में देश की पहली दिल्ली-मेरठ नमो भारत ट्रेन ने गति पकड़ी। इसकी काल खंड में मेरठ मेट्रो का विस्तार किया गया।

नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी का बहुत आभार। हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। जेवर एयरपोर्ट से यूपी को नई उड़ान मिलेगी। जेवर एयरपोर्ट विकास का उदाहरण है। पिछले 11-12 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो कार्ययोजना बनी है, आज हम सबको देखने को मिल रही है। भारत के अंदर पेट्रोलियम उत्पादों का दाम नियंत्रित है। उसकी आपूर्ति स्मूथ बनाई गई है। उस पूरी व्यवस्था में अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छूते दिख रहे हैं। भारत के पड़ोसी देशों में भी पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़े हुए हैं, वहां पर अव्यवस्था का माहौल है।

ओडिशा में दर्दनाक हादसा: नयागढ़ में टूरिस्ट बस पलटी, पांच की मौत

नई दिल्ली, 28 मार्च (न्यूज चैनल)। ओडिशा में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे और तेज तूफान ने मिलकर तबाही मचा दी। नयागढ़ जिले में एक टूरिस्ट बस के पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। वहीं, मयूरभंज और पुरी जिलों में आए तेज आंधी-तूफान के कारण तीन लोगों की जान चली गई। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा रात करीब 2 बजे हनुमान घाटी रोड पर दासपल्ला इलाके में हुआ, जब 55 यात्रियों से भरी बस मोड़ लेते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार को हादसे को मुख्य वजह माना जा रहा है। मृतकों की पहचान हरी पात्रा, लक्ष्मी पात्रा, सुप्रभा साहू, सुमति और चालक प्रवीण कुमार साहू के रूप में हुई है, जो सभी बरहामपुर के निवासी थे। घायलों को तुरंत बचाव दल ने बाहर निकालकर दासपल्ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

घायल यात्री आर्य पात्रा के अनुसार, बस 100 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चल रही थी और अचानक पलट गई। कुछ यात्री बाहर जा गिरे, जबकि कई लोग बस के नीचे दब गए। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 4 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने भी शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

होर्मुज से गुजर रहे भारत के दो जहाज, सुरक्षा देने के लिए युद्धपोत के साथ भारतीय नौसेना अलर्ट

नई दिल्ली, 28 मार्च (न्यूज चैनल)। भारत के लिए पेट्रोलियम उत्पाद लेकर जा रहे दो और व्यापारी जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच भारतीय नौसेना के युद्धपोत इन्हें सुरक्षा देने के लिए स्टैंडबाय पर तैनात हैं। सूत्रों के अनुसार, आने वाले समय में ऐसे और जहाज इस मार्ग से गुजरेंगे। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य रणनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील बना हुआ है। यह दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक है, जहां सुरक्षा को लेकर लगातार सतर्कता बरती जा रही है। बता दें, अमेरिका और इस्राइल-ईरान टकराव के बीच इस जलडमरूमध्य में लगातार तनाव बरकरार है। ईरान अमेरिका, इस्राइल समेत अपनी किसी दुश्मन देशों के जहाजों को वहां से नहीं गुजरने दे रहा है। भारत के जहाजों को नहीं रोका जा रहा है। जंग के हालातों के बीच पहले भी भारत के जहाज होर्मुज से निकल चुके हैं। इसके बावजूद सुरक्षा देने के लिए भारतीय नौसेना को युद्धपोत के साथ अलर्ट पर रखा गया है।

लोकसभा में 30 मार्च को नक्सलवाद उन्मूलन पर होगी बड़ी चर्चा

बस्तर का 96 प्रतिशत क्षेत्र हुआ नक्सली अभिशाप से मुक्त

रायपुर/जगदलपुर, 28 मार्च (हाईवे चैनल)। पांच दशकों से भी अधिक समय से बस्तर के सामाजिक ताने-बाने को नष्ट कर रहा नक्सलवाद आज समाप्ति की है. यह नराकात्मक विनाशकारी विचारधारा ने न केवल बस्तर के विकास को अवरुद्ध किया, बल्कि निर्दोष आदिवासियों की जान भी ली. लेकिन मजबूत राजनीतिक इरादे की बदौलत आज बस्तर का 96 प्रतिशत क्षेत्र नक्सली गतिविधियों से मुक्त हो चुका है. विषय पर 30 मार्च को लोकसभा में अहम चर्चा होगी।

1967 में जो चिंगारी बंगाल के नक्सलबाड़ी में फूटी थी, उसने आने वाले दशकों में बस्तर के जंगलों को आग में बदल दिया, इस आग ने हजारों जिंदगियां लीं, अनगिनत घर उजाड़े, और एक पूरे क्षेत्र को बदल कर रख दिया। लेकिन बस्तर ओलम्पिक 2024 के मंच से देश के गृहमंत्री अमित शाह ने एक ऐसा बयान दिया, जिसने इस कहानी को एक तय समयसीमा दे दी, उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा, यह पहली बार था जब इस लंबे संघर्ष के अंत की एक तारीख सामने आई, एक ऐसा वादा, जो सिर्फ शब्द नहीं बल्कि दशकों से चली आ रही इस लड़ाई का निष्कर्ष माना जा रहा है।

कुरदर वैली रिसॉर्ट में हिरण का मांस पकाने का मामला

वन विभाग ने दी दबिश मैनेजर सहित 4 गिरफ्तार

बिलासपुर, 28 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के कोटा स्थित कुरदर वैली रिसॉर्ट में हिरण का मांस पकाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने रिसॉर्ट में दबिश दी और किचन से पका हुआ मांस जब्त किया। कार्रवाई के दौरान वन विभाग ने रिसॉर्ट के मैनेजर समेत 4 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में रजनीश सिंह, रमेश यादव, संजय वर्मा और रामकुमार टोप्पो शामिल हैं। वहीं इस पूरे मामले में मांस सप्लाई करने वाला आरोपी जनक बैगा फरार है, जिसकी तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। वन विभाग जब्त मांस को जांच के लिए लैब भेजने की तैयारी में है। जांच में हिरण के मांस की पुष्टि होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।